महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0 / प्रपप्र / बी.एड.–24 / 2024/519 दिनांक : 29.08.2024

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी.एड. महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की काउन्सिलिंग में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के पत्रांक बु0वि0 / यू0पी0बी0एड0–2024 / 2024 / 528 दिनांक 22.08.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उन्होंने दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 तक शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित पुलिस प्रवेश परीक्षा सम्पादित होने के दृष्टिगत दिनांक 24.08.2024 तक सम्पन्न उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.–2024 की प्रथम चरण फेज–I काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को कालेज आवंटन के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कराये जाने हेतु 03 दिन के स्थान पर दिनांक 05.09.2024 तक प्रवेश सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की है।

अतएव महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध समस्त बी.एड. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि कृपया संलग्न पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोक्त।

नोडल अधिकारी / कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी।

नोडल अधिकारी / कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक–बु0वि0 / यू0पी0बी0एड0–2024 / 2024 / 528 दिनांक– 22/08/2024

सेवा में,

कुलसचिव / नोडल अधिकारी,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय :–उत्तर प्रदेश बी०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की काउन्सिलिंग में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित करना है कि उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की प्रथम चरण फेज–1 काउन्सिलिंग दिनांक 24 / 08 / 2024 को सम्पन्न हो रही है। उक्त काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियो को कालेज आवंटित किया जा चुका है। आवंटन पत्र में अभ्यर्थियो को प्रवेश सुनिश्चित कराने हेतु तीन दिन का समय प्रदान किया गया है परन्तु आप सभी को विदित है कि दिनांक 23 / 08 / 2024 से दिनांक 31 / 08 / 2024 तक विभिन्न महाविद्यालयो में पुलिस प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होने जा रही है जो कि शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित है। जिससे बी0एड0 में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियो को अपना प्रवेश सुनिश्चित कराने मे कठिनाई उत्पन्न होने की संभावना है।

उक्त पुलिस प्रवेश परीक्षा की संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के दृष्टिगत निर्णयानुसार अवगत कराना है कि जिन अभ्यर्थियों को प्रथम चरण फेज–1 काउन्सिलिंग में कालेज आवंटित किया जा चुका है ऐसे सभी अभ्यर्थी दिनांक 05 / 09 / 2024 तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकते है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में सम्बद्ध महाविद्यालयो को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी
उ0 प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य समन्वयक / राज्य सह–समन्वयक, राज्य स्तरीय संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024।
2. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।